an>

Title: Need to construct railway over bridge in Balamau city in Misrikh Parliamentary Constituency.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : उप सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के कस्बा बालामऊ से होकर लखनऊ-नई दिल्ली मुख्य रेल मार्ग से गुजरता है, जिस पर काफी रेलगाड़ियों का आवागमन रहता है तथा कस्बा बालामऊ में रेलवे ओवरब्रिज न होने के कारण कभी-कभी यहां के रेलवे फाटक एक घंटे तक बंद रहता है। जिसके कारण यहां पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसी स्थिति में जब किसी गर्भवती महिला या अन्य मरीजों को अस्पताल ले जाना होता है लेकिन वह समय से अस्पताल नहीं पहुंच पातीं तथा कई बार लोग रास्ते में दम तोड़ देते हैं।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करती हूं कि वहां पर ओवरब्रिज बनाने की अतिशीघ्रता करें।